प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 26.04.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये आज प्रदेश की आठ संसदीय सीटों के लिये मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न : शाम पांच बजे तक हुआ 52 दशमलव नौ एक प्रतिशत मतदान।
2. चौथे चरण में प्रदेश की 13 सीटों के लिये दाखिल नामांकन पत्रों की आज हुई जांच : पांचवें चरण के लिए प्रदेश की 14 सीटों पर नामांकन हुआ शुरू।
3. विभिन्न दलों के शीर्ष नेताओं ने अपने उम्मीदवारों के समर्थन में की जनसभाएं : भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बरेली में किया रोड शो।

और

4. प्रदेश में तेज गर्मी और लू का सिलसिला जारी : 20 से अधिक जनपदों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के ऊपर।

———————

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये आज प्रदेश के आठ संसदीय क्षेत्रों– अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया। 17 हजार 704 मतदान केंद्रों पर मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चला। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से..........

*चुनाव के दूसरे चरण में ईवीएम में गड़बड़ी की कुछ घटनाओं को छोड़कर कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण रहा। पश्चिमी यूपी और ब्रज क्षेत्र में फैली इन सीटों के सभी मतदान केंद्रों पर भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। खासतौर पर अमरोहा में लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए काफी उत्साहित दिखे, कुछ लोग तो बकायदा गाजे बाजे के साथ वोट डालने पहुंचे। पहली बार मतदान करने वाले मतदाता, दिव्यांग और महिलाओं की भी लंबी कतारें मतदान पर नजर आईं। आज का मतदान वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री महेश शर्मा, फिल्म स्टार हेमा मालिनी और अरुण गोविल, पूर्व बसपा सांसद और कांग्रेस–सपा गठबंधन के उम्मीदवार दानिश अली और वरिष्ठ रालोद नेता राजकुमार सांगवान सहित कई राजनीतिक दिग्गजों के भाग्य का फैसला करेगा। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

**प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शाम पांच बजे तक 52 दशमलव नौ एक प्रतिशत मतदान हुआ है। उन्होंने बताया कि शाम पांच बजे तक सबसे अधिक अमरोहा में दशमलव आठ नौ प्रतिशत मतदान और सबसे कम मथुरा में 46 दशमलव नौ छह प्रतिशत मतदान की सूचना है।**

**दूसरे चरण की इन आठ लोकसभा सीटों के लिये प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों सहित कुल 91 उम्मीदवार मैदान में हैं, इनमें दस महिला प्रत्याशी शामिल हैं।**

**इस चरण में बागपत एक ऐसी सीट है, जहां 4 दशकों के बाद चौधरी चरण सिंह परिवार के बाहर से कोई चुनाव लड़ रहा है। इस सीट पर रालोद प्रत्याशी राजकुमार**

सांगवान का सीधा मुकाबला समाजवादी पार्टी और बसपा प्रत्याशियों से है। इस चरण में गौतमबुद्धनगर और मथुरा में सबसे अधिक 15–15 प्रत्याशी और बुलंदशहर में सबसे कम 6 प्रत्याशी मैदान में हैं। इन 8 सीटों में से 2019 के लोकसभा चुनाव में अमरोहा को छोड़कर 7 सीटें भाजपा को मिलीं थीं।

———————

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिये प्रदेश की 13 संसदीय सीटों– शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच के लिये 220 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। आज नामांकन पत्रों की जांच की गई, जिसमें शाहजहांपुर संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी राजेश कश्यप का नाम खारिज हो गया। नामांकन पत्र की जांच के दौरान उनका जातीय प्रमाण पत्र गलत पाया गया।

इस चरण में 29 अप्रैल नाम वापसी की अंतिम तिथि है। 13 मई को वोट डाले जायेंगे।

———————

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए प्रदेश की 14 संसदीय सीटों और लखनऊ पूव विधानसभा उपचुनाव के लिये आज से नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आगामी 3 मई तक प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किये जायेंग, 4 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी और 6 मई को नाम वापसी होगी। इस चरण में मोहनलालगंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा में 20 मई को मतदान होगा। हमीरपुर संसदीय सीट पर नामांकन के पहले दिन आज भाजपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने नामांकन दाखिल किया। वहीं बसपा और सपा–कांग्रेस गठबंधन सहित अन्य दलों क प्रत्याशियों ने 18 पर्चे खरीदे। जालौन में 9 प्रत्याशियों ने 21 पर्चे खरीदे। इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह ने नामांकन दाखिल किया। फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। यहां पहले दिन 21 व्यक्तियों की ओर से 29 सेट नामांकन फॉर्म प्रत्याशियों एवं उनके प्रतिनिधियों ने लिये।

लखनऊ पूव विधानसभा उपचुनाव के लिये आज भाजपा प्रत्याशी ओ.पी. श्रीवास्तव ने नामांकन किया। उनके साथ लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल सहित पार्टी के नेता बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस सीट के लिये कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान ने भी नामांकन भरा। लखनऊ

पूव विधानसभा सीट भाजपा विधायक आशुतोष टंडन के निधन के बाद रिक्त हुई है। पांचवें चरण में दो करोड़ 70 लाख मतदाता है।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

प्रदेश में विभिन्न राजनीतिक दलों क कई वरिष्ठ नेता और स्टार प्रचारक निर्वाचन क्षेत्रों में अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी रैलियां और जनसभाएं कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बरेली में रोड–शो किया। इसमें उनके साथ भाजपा नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। श्री योगी ने संभल में आज जनसभा में तुष्टिकरण की नीति को लेकर कांग्रेस पर हमला बोला। इससे पहले लखनऊ में अपने मीडिया से बात करते हुए श्री योगी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को भारत के लोकतंत्र के लिये घातक बताते हुए कहा

कि कांग्रेस मजहब के आधार पर देश के विभाजन की आधारशिला रखना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा विकास, सुरक्षा और सुशासन के मुद्दे के साथ चुनाव लड़ रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व ने पिछले 10 सालों में देश को नई दिशा दी है।

वहीं दूसरी ओर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एटा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है, संविधान बचेगा, तभी लोकतंत्र बचेगा। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने जो वादे किये थे उन्हें पूरा नहीं किया। श्री यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार मं बड़े–बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ किया गया लेकिन इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर गरीब किसानों का पूरा कर्ज माफ किया जायेगा।

वहीं बसपा समन्वयक और पार्टी के स्टार प्रचारक आकाश आनन्द ने अम्बेडकरनगर और कौशाम्बी लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता बुलडोजर सरकार नहीं चाहती। वे डॉ. अंबेडकर के सिद्धांत पर काम करने वाली मायावती की सरकार चाहते हैं।

————————

प्रदेश में तेज गर्मी और लू से लोग परेशान हैं। 20 से अधिक जनपदों में तापमान 40 डिग्री के ऊपर पहुंच गया है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटे में प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान प्रयागराज में 43 दशमलव चार डिग्री सल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा वाराणसी में 42 दशमलव तीन डिग्री सल्सियस, आगरा में 41 दशमलव आठ डिग्री सल्सियस, बुलंदशहर में 42 डिग्री सल्सियस और लखनऊ में 40 दशमलव छह डिग्री सल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया।

(समाप्त)

## निर्वाचन–वीवीपीएटी

सर्वोच्च न्यायालय ने आज वोटर वेरीफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल– वीवीपीएटी की पर्चियों के साथ इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन– ईवीएम के आंकडों के शत–प्रतिशत मिलान वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। यह फैसला न्यायाधीश संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की एक पीठ ने सुनाया। हालांकि 18 अप्रैल को इन मामलों पर फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। निर्वाचन आयोग से पीठ द्वारा कुछ तकनीकी स्पष्टीकरण मांगे जाने के कारण 24 अप्रैल को इन मामलों को फिर सूचीबद्ध किया गया था। निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण पर विचार करते हुए आज फैसला सुनाया गया।

एआईआर

<u>यूपी ट्रैवल मार्ट</u>

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर, आज गोरखपुर में प्रदेश पर्यटन विभाग और फिक्की द्वारा आयोजित, यूपी ट्रैवेल मार्ट 2024 के छठे संस्करण के समापन सत्र में शामिल हुये। उन्होंने प्रेक्षागृह में लगे स्टालों का निरीक्षण किया और देश–विदेश के टूर ऑपरेटर से संवाद किया। लोगों को संबोधित करते हुये मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश कीकानून व्यवस्था और कनेक्टिविटी बेहतर होने से अब किसी भी पर्यटन स्थल पर आसानी से पहुंचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष प्रदेश में लगभग 48 करोड़ पर्यटक घूमने पहुंचे।

एजेंसी

ब्रेक